हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 19 अक्तूबर 2016, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

प्रदेशभर से आए विद्यार्थियों ने सीखे सफलता के पंचभुज

बरेली | प्रमुख संवाददाता

राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे इंसपायर इन्टर्नशिप प्रोग्राम का मंगलवार को समापन हो गया। पांच दिनों में प्रदेश भर से आए स्टूडेंट ने प्रतिभाग किया और विज्ञान की बारीकियां सीखीं।

समापन कार्यक्रम में एनएसीएसटी से आए प्रो. लक्ष्मीकान्त शर्मा ने छात्रों को सफलता पंचभुज के बारे में बताया। कहा कि कल्पना, निर्माण, ज्ञान, योग्यता व क्रियान्वयन सफलता के लिए अति आवश्यक है। नमक में आयोडीन का प्रयोग करने एवं पानी में विषाणु को मापने की किट को दिखाया। द्वितीय वक्ता डा. हुकुम सिंह ने छात्रों को गौतम बुद्ध की तरह बनने को कहा। इन्होंने बताया विज्ञान की शोभा गणित से होती है। गणित पढ़ने से कभी व्यक्ति झूठ नहीं बोलता, हमेशा सच बोलता है।

इन्होंने भागवान को सच तथा सच को भगवान बताया। समापन समारोह में रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्य एसआरएमएस सीईटी डा. अनन्त श्रीवास्तव, डा. मुस्तकीम अब्दुल्ला मौजूद थे। संचालन डा. अंकिता टंडन ने किया।